एक्वा लाइन पर मिले 2 पिंक स्टेशन

अब सेक्टर 76 और परी चौक मेट्रो स्टेशन पर महिलाएं बच्चों को करा सकेंगी स्तनपान

■ प्रमुख संवाददाता, नोएडा

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर रविवार को नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (NMRC) ने एक्वा लाइन के दो मेट्रो स्टेशनों को पिंक स्टेशन के रूप में घोषित किया। पिंक स्टेशन घोषित किए गए सेक्टर 76 और परी चौक मेट्रो स्टेशन पर महिलाओं के लिए विशेष सुविधाएं होंगी। यहां बच्चों को स्तनपान कराने और डाइपर बदलने के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

सेक्टर 76 मेट्रो स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की पत्नी पम्मी गौबा चीफ गेस्ट थीं। नोएडा अथॉरिटी के चेयरमैन आलोक टंडन की पत्नी रीना टंडन विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल रहीं। इस मौके पर एनएमआरसी की एमडी रितु माहेश्वरी ने कहा कि शहर में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और एक्वा लाइन मेट्रो में महिलाओं को सुविधाएं देने के लिए 2 स्टेशन की सुविधाओं को पिंक स्टेशन के रूप में तैयार किया गया है। इस मौके पर एनएमआरसी की कई महिला कर्मचारियों को बेहतर काम करने के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान सेक्टर 76 मेट्रो स्टेशन पर बनाया गया सेल्फी पॉइंट महिला यात्रियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा।

ये सुविधाएं मिलेंगी

- यहां छोटे बच्चों को स्तनपान कराने, डाइपर चेंज कराने और मेकअप करने के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध हैं।
- इन दोनों का लुक पिंक कर दिया गया है। जगह-जगह साइन बोर्ड लगाए गए हैं, ताकि यहां आते ही महिलाओं को खुद की मजबूती का अहसास हो सके।
- एक्वा लाइन के सभी 21 मेट्रो स्टेशनों पर निशुल्क सैनिटरी नैपकिन मिलने की सुविधा भी शुरू की गई है। एक साल तक यह सुविधा मिलेगी। इसके लिए काउंटर पर ही मुफ्त टोकन मिलेगा।

Ramesh Sharma

यहां के सभी 21 मेट्रो स्टेशनों पर फ्री सैनिटरी नैपकिन मिलेंगे

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

- NMRC ने 2 मेट्रो स्टेशनों को घोषित किया पिंक स्टेशन
- सेक्टर 76 मेट्रो स्टेशन पर सेल्फी पॉइंट बना महिला यात्रियों के लिए आकर्षण का केंद्र

महिलाओं ने चलाई साइकल

■ एनबीटी न्यूज, ग्रेटर नोएडा: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट साइक्लिंग क्लब की तरफ से साइक्लिंग कराई गई। इसमें ग्रेनो वेस्ट की कई सोसायटी की महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने किसान चौक से डी पार्क तक 8 किमी साइकल चलाई। साइकल चलाने के बाद महिलाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए केक काटकर पौधे बांटे गए। इसके साथ गो ग्रीन का संदेश दिया गया। राइड में इंद्रजीत कौर, बलजीत कौर आदि उपस्थित रहे।